भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 3403
गुरुवार 12 मार्च, 2026/21 फाल्गुन, 1947 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

आरसीएस-उड़ान योजना के मार्ग

3403. श्रीमती शताब्दी राय बनर्जी:

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्षेत्रीय संपर्क योजना-उड़े देश का आम नागरिक (आरसीएस-उड़ान) योजना के अंतर्गत कुल कितने मार्गों पर प्रचालन किया गया है;
(ख) प्रचालन के तीन वर्ष पूरे होने से पहले कुल कितने मागों को बंद कर दिया गया है; और
(ग) ऐसे मागों की संख्या कितनी है जो वर्तमान में प्रचालन में हैं और पचास प्रतिशत या उससे कम क्षमता पर प्रचालन कर रहे हैं?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) से (ग): दिनांक 28.02.2026 तक, क्षेत्रीय संपर्क योजना-उड़े देश का आम नागरिक (आरसीएस-उड़ान) के तहत कुल 663 आरसीएस मार्गों को प्रचालनशील किया गया है। इनमें से, 123 आरसीएस मार्ग तीन वर्ष की परिचालन अवधि पूर्ण होने से पहले ही बंद कर दिए गए थे। वर्तमान में, 336 आरसीएस मार्ग प्रचालनरत हैं।

*****